hindustantimes

# Lok adalats held across India, over 28 lakh old cases solved

**Soibam Rocky Singh**
rocky.singh@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** As India faces an uphill task of clearing the backlog of over three crore cases pending in various courts, over 28 lakh cases were disposed of on Saturday in lok adalats organised across the country in tandem.

The lok adalats, organised by the National Legal Services Authority (NALSA), state legal services authorities and district legal services authorities, took up 39 lakh cases for dispensing speedy and cheap justice to litigants.

SC sources said 15.45 lakh cases were disposed of during the day-long session at various lok adalats across the country.

Lok adalats are an alternative dispute resolution mechanism where parties are encouraged to amicably settle cases out of formal court system. Generally, cases where parties can reach an amicable settlement, including cheque bounce and bank recovery cases, civil suits, motor accident claims, service matters, family matters and traffic challan cases are taken up during lok adalats.

It also helps parties get quick justice and reduces pendency of cases that has plagued the Indian judiciary for decades.

Earlier, inaugurating such a lok adalat at the Supreme Court, Chief Justice of India P Sathasivam said the main object of the adalat was to provide an "approachable forum to the poor, weaker and ignorant people who are often intimidated and confused by the greasy substantive and procedural laws."

## SAVE TIME, SAVE MONEY, SAYS CJ

**RANCHI:** Chief Justice R Banumathi on Saturday appealed people (litigants) to take recourse to Lok Adalat as an efficacious alternative dispute resolution (ADR) system for settling long drawn legal wrangles at cheaper cost and time.

Inaugurating the National Lok Adalats organised by JHALSA at the Jharkhand high court and district courts across the state, she pointed out the inherent benefits of Lok Adalats where the acrimonious minds come to settle their disputes by striking a compromise.



**Chief Justice R Banumathi interacts with DPS students in Ranchi on Saturday.**
DIWAKAR PRASAD/HT PHOTO

» FULL REPORT P3

# People flock to get speedy justice

## More than 85k cases settled in Jharkhand

**AVNISH SINHA** ■ RANCHI

Thousands of worried faces took the benefit of National Lok Adalat to settle their disputes on Saturday. However, for some the opportunity turned out to be another disappointment for the reasons of their own. Exhausted and resigned, such faces were wondering and simultaneously yearning for causes that landed them in the court.

Randhir Singh, a resident of Ratu, never knew that the loan he took for purchasing two cows would make his life miserable instead of making him happy. Singh had availed loan from a public sector bank in loan mela organised by Dairy Development Board in 2011.

**NATIONAL LOK ADALAT**



Chief Justice of Jharkhand High Court Justice R Banumathi presents cheque to the beneficiaries during National Lok Adalat at High Court in Ranchi on Saturday. Justice DN Patel (L) Jharkhand High court and other Judges also present. (Inset) Randhir Singh at Civil Court in Ranchi on Saturday

Ratan Lal I Pioneer

The scheme felicitated funding of ₹84,000 for two milch animals, a shelter for two and fodder for the animals purchased. Situation took an ugly turn for Singh and failed to repay the loan taken for one cow leading to suspension of loan for another. However, to the dismay of the poor man subsidy was not adjusted in the loan amount demanded by the concerned bank.

"We were told that the Government will provide 50 per cent subsidy in the scheme, however, the loan amount that is being demanded doesn't reflect adjustment of the subsidy," said Singh.

In the notice that was sent to Singh, the concerned bank asked him to return ₹52,863 that comprised ₹46,237 towards principal and ₹6,626 towards interest on the amount.

Interestingly, it was not Singh who had to face the consequences of institutional apathy and appear in the Lok Adalat for disposal of cases. Disgruntled and exasperated, Ramjee Yadav was at loss of words to know that he had to appear in the Lok Adalat for a case registered in 2007 for electricity theft. Although, the amount, ₹18,289, slapped as fine by the electricity department was paid in 2008, Yadav was still called to settle the dispute at the Lok Adalat camp.

"I was surprised to hear from my lawyer that I have to appear in the Lok Adalat to pay additional ₹4,000. I don't know why I have been called when the department itself is saying that no amount is left against my name to pay," added Yadav.

Significantly, the Mega Lok Adalat disposed of as many as 85,000 cases across Jharkhand and settled disputes worth around ₹82 crore.

**Turn to Page 4**
**Related report on Page 2**

PIONEER 24/11/2014

DAINIK BHASKAR - 24/11/2013

# लोक अदालत से समय की बचत : चीफ जस्टिस

## इस तरह के आयोजन से लोगों को सीधा लाभ मिलता है : जस्टिस डीएन पटेल

भास्कर संवाददाता. रांची

झारखंड हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस आर बानुमति ने कहा है कि मेगा लोक अदालत में कई मामलों का निष्पादन कम खर्च में या निःशुल्क हो जाता है। कई समस्याएं आपसी तालमेल से सुलझ जाती हैं इसलिए इस तरह के आयोजन कई चरणों में होते हैं। चीफ जस्टिस 23 नवंबर को हाईकोर्ट में आयोजित लोक अदालत के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि मेगा लोक अदालत का मामला सीधे जनता से जुड़ा होता है। समस्या का निवारण कम समय में हो जाता है। इससे उनका धन व समय दोनों की बचत होती है। चीफ जस्टिस ने कहा कि मीडिया इस तरह के आयोजन को आमजनों के बीच प्रचार प्रसार करे, ताकि ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिले। मौके पर उपस्थित न्यायाधीश डीएन पटेल ने कहा कि इस तरह के आयोजन से लोगों को सीधा लाभ मिलता है। इस अवसर पर न्यायाधीश एनएन तिवारी, न्यायाधीश जया राय और न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह उपस्थित थे।

**पांच दिनों में 85 हजार केस का निष्पादन :** प्राधिकार के अनुसार पांच दिनों तक चली लोक अदालत में 85,000 केस का निष्पादन किया गया।



हाईकोर्ट में लगी लोक अदालत में चीफ जस्टिस व अन्य।

### बीएसएनएल का कंप्यूटर फेल

**रांची.** रांची विधिक प्राधिकार द्वारा व्यवहार न्यायालय में लगे मेगा लोक अदालत में 23 नवंबर को बीएसएनएल का कंप्यूटर सिस्टम फेल हो गया। इस कारण कई उपभोक्ताओं को अपनी समस्या के साथ बैरंग वापस लौटना पड़ा।

### मोटर दुर्घटना बीमा के 21 मामले निपटे

**रांची.** नेशनल लोक अदालत में उच्च एवं व्यवहार न्यायालय में मोटर सड़क दुर्घटना से उत्पन्न कुल 21 दावों का निपटारा किया गया। समझौते के तहत 35 लाख के भुगतान पर सहमति बनी।

### बैंकों ने 38 मामलों में समझौता किया

**रांची.** बैंकों की ओर से लगाई गई लोक अदालत में करोड़ों रुपए के लोन विवाद का निपटारा हुआ। 38 मामलों पर समझौता हुआ। कुल मिलाकर 16 करोड़ 20 लाख की वसूली के मामले दायर थे।

### बिछड़े चार दंपती एक हुए



रांची. सिविल कोर्ट रांची परिसर में शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में अलग हुए चार दंपती एक हो गए। मौके पर मौजूद झारखंड हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस आर बानुमति के समक्ष चारों दंपतियों ने एक दूसरे को वरमाला पहनाई

**10 हजार मामलों का निष्पादन**

रांची. करीब 10 हजार मामलों का निष्पादन किया गया। इसमें सर्वाधिक 8600 मामले प्री लेटिगेटेड हैं

THE TELEGRAPH 24-11-13

# Money matters at lok adalat

OUR BUREAU

**Nov. 23:** Hundreds of cases were settled, crores distributed and litigants returned home with smiling faces in lok adalats held across the state today.

An initiative of the Supreme Court and National Legal Service Authority (Nalsa), the special legal forum, titled National Lok Adalat, was convened across the country to bring down the number of pending cases.

In Jharkhand, cases falling under 138 Negotiable Instrument Act (related to banks), excise act, forest act, labour act, weights and measures act, family and marital disputes, accident and insurance claims, besides criminal cases with compoundable offences were settled **(see chart)**.

Jharkhand High Court in Ranchi, that resolved 636 of 900 cases listed, was linked to the apex court via videoconferencing. Two other districts, Bokaro and Hazaribagh, took part in the videoconferencing. Rest of districts held their own adalats.

Jharkhand High Court Chief Justice R. Banumathi, who was present on the occasion, said lok adalats served as important tool in settling differences among people.

Anjana Verma, who lost her husband Madhup Verma in a road accident in 2003, received Rs 9.81 lakh from the Chief Justice. Anjana had filed a case for compensation with the accident claims tribunal. "The case is finally over after a decade-long fight," she sounded relieved.

High court legal services committee chairman and judge N.N. Tiwari pointed out that litigants had a lot of faith in lok adalats. "Satisfaction of litigants is supreme," Justice Tiwari said.

Among the audience were 100 Class VIII students of Delhi Public School, who were visiting the high court for the first time. Justice D.N. Patel informed the students about the bright prospects of law and how "lucrative" the legal field could be.

In Jamshedpur, the proceedings were held at the civil court. Principal district and session judge Amitabh Kumar said this was the first time that Supreme Court and Nalsa took such an initiative.

"The Supreme Court set a disposal target of 20 lakh cases through National Lok Adalat. We had organised a mega lok adalat from November 19-22 and also jail adalat at Ghaghidih. At the jail adalat, we settled 17 cases and released 19 prisoners," the judge said.

At Dhanbad civil court, 22 benches were put up to settle cases. Principal and sessions judge S.K. Singh, deputy commissioner Prashant Kumar and several other dignitaries attended the special session.



*Chief Justice hands over a cheque to Ranchi resident Anjana Verma at National Lok Adalat on Saturday.* **Picture by Prashant Mitra**

**Cases settled, compensation disbursed**

**RANCHI**
636; **Rs 8.5cr**

**JAMSHEDPUR**
9,000; **Rs 6.2cr**

**DHANBAD**
5,475; **Rs 7.71cr**

**BOKARO**
2,879; **Rs 2.96cr**

हिन्दुस्तान 18
रांची • रविवार • 24 नवंबर 2013

## सुप्रीम कोर्ट की पहल पर देशभर में लगी लोक अदालतों ने बनाया विश्व कीर्तिमान

# एक दिन में 35 लाख केस निपटे

**कीर्तिमान**

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

सुप्रीम कोर्ट की पहल पर शनिवार को देशभर की अदालतों ने एक दिन में 35 लाख से अधिक मुकदमों का निपटारा कर कीर्तिमान रच दिया। अधिकारियों के अनुसार लोक अदालतों में मुकदमे निपटने का यह आंकड़ा गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो सकता है।

देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस पी. सदाशिवम ने सुप्रीम कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत की शुरुआत की। इसके साथ ही ऐसी अदालतें देशभर में तहसील से लेकर हाईकोर्ट में शुरू हो गईं। सुप्रीम कोर्ट में तीन विशेष पीठों के सामने कुल 105 मुकदमे रखे गए। इनमें 51 का निस्तारण हो सका क्योंकि शेष मामलों में संबंधित पक्ष कोर्ट नहीं पहुंचे।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि शनिवार रात 8:30 बजे तक 35,10,390 मुकदमे निपटा दिए थे। सटीक जानकारी नहीं मिली है क्योंकि कई जगह अदालतें चलीं। उपरजिस्ट्रार राकेश शर्मा ने बताया कि सबसे ज्यादा 5,66,102 मुकदमे महाराष्ट्र में थे। उत्तर प्रदेश, प. बंगाल, तमिलनाडु में चार-चार लाख केस निपटाए गए। मध्य प्रदेश में चुनाव के कारण काम नहीं हो पाया। वहां 30 नवंबर को लोक अदालतें लगेंगी।

**बिहार में डेढ़ लाख केस का निपटारा:** पटना हाईकोर्ट समेत बिहार की तमाम अदालतों में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालतों में लगभग डेढ़ लाख मुकदमों का निपटारा किया गया।

### ऐसी अदालतें लगें तो आधा बोझ घटेगा

| | |
|---|---|
| 39 | लाख मुकदमे निपटारे के लिए रखे गए थे देशभर की अदालतों में |
| 3.5 | करोड़ के करीब हैं कुल लंबित मुकदमे एक अनुमान के मुताबिक |
| 50 | फीसदी केस लोकअदालत में भेजे जाने के लायक हैं |



## झारखंड में 85 हजार केस सुलझे

**रांची (मुख्य संवाददाता)।** झारखंड में शनिवार को लोक अदालत लगाकर 85 हजार मामलों का निपटारा किया गया। इस मौके पर झारखंड की चीफ जस्टिस आर बानुमति ने हाइकोर्ट परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह विवादों को सुलझाने का सशक्त माध्यम है। खासकर ग्रामीण और गरीब तबके के लोगों के लिए यह कोर्ट नहीं बल्कि विवाद आपसी सहमति से सुलझाने का मंच है। जनता को इसका इस्तेमाल करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि झालसा लोगों को मुफ्त कानूनी सलाह प्रदान करता है। उन्होंने मीडिया से भी लोक अदालत और दूसरे वैकल्पिक माध्यमों के बारे में भी लोगों को जानकारी देने के लिए अपनी भूमिका निभाने को कहा। जस्टिस डीएन पटेल ने कहा कि लोक अदालत त्वरित न्याय दिलाने का जरिया है। ● हाइकोर्ट में लगी लोक अदालत, 632 केस निपटे : पेज 8

### फैक्ट फाइल

- **1.50** लाख मामले सूचीबद्ध थे राज्य में
- **85** हजार विवाद सुलझाए गए
- **82** करोड़ रु का मामला निपटाया गया
- **42** बर्खास्त लोगों की सेवा वापस हुई
- **4.13** करोड़ का चेक बांटा रांची विवि ने
- **07** बेंच बनाए गए थे हाइकोर्ट में
- **1008** मामले सूचीबद्ध थे हाइकोर्ट में

आज

### चीफ जस्टिस ने राष्ट्रीय लोक अदालत का किया उद्घाटन, कहा-

# विवादों के निबटारे में लोक अदालतों की भूमिका महत्वपूर्ण



कार्यक्रम में उपस्थित चीफ जस्टिस आर. बानुमति व अन्य न्यायाधीशगण। छाया : दिवाकर

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर. बानुमति ने कहा है कि मामलों को निपटाने में लोक अदालत प्रभावी भूमिका निभाने में सक्षम है। न्यायमूर्ति बानुमति आज रांची में राष्ट्रीय लोक अदालत के उदघाटन समारोह को संबोधित कर रही थी। आज देशभर में लोक अदालतों का आयोजन किया गया। रांची में लोक अदालत का आयोजन झारखंड हाईकोर्ट लीगल सर्विसेज कमेटी, नेशनल लीगत सर्विसेज अथॉरिटी और झारखंड स्टेट लीगत सर्विसेज अथॉरिटी द्वारा किया जा रहा है। लोक अदालत के लिए उच्च न्यायालय में सात बेंच का गठन किया गया था, जिसमें वेतन, सेवानिवृत्ति लाभ, पेंशन ग्रेच्यूटी, वाहन दुर्घटनाओं के क्लेम, भूमि विवाद, ईपीएफ आदि से जुड़े मामलो की सुनवाई हुई। इस मौके पर न्यायमूर्ति डीएन पटेल और न्यायमूर्ति एनएन तिवारी भी उपस्थित थे। लोक अदालत में आपसी सुलह के बाद निपटाये गये मामलों के लाभुकों को चेक भी प्रदान किये गये। न्यायमूर्ति आर. बानुमति ने कहा कि लोक अदालत मोटर वाहन, दुर्घटना, भूमि विवाद, वैवाहिक, श्रम एवं भूमि अधिग्रहण जैसे मामलों के निपटारे में सहायक सिद्ध हो रहा है।

उधर, देवघर व्यवहार न्यायालय परिसर में भी आज लोक अदालत का आयोजन किया गया। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर. आर. प्रसाद ने लोक अदालत का उदघाटन किया। इस दौरान लगभग दो हजार मामलों का निष्पादन सुलह-सफाई के आधार किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति प्रसाद ने कहा कि जिस तरह से लोगों की आस्था किसी पर्व-त्यौहार के साथ जुड़ी रहती है,उसी तरह की आस्था लोक अदालत से भी जोड़ने की जरूरत है।

इस बीच हजारीबाग में लोक अदालत का उदघाटन झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार ने किया,जबकि लोहरदगा में लोक अदालत के समापन समारोह के मौके पर जिला तथा सत्र न्यायाधीश संजय प्रसाद उपस्थित थे। उधर, चतरा में भी लोक अदालत का आयोजन किया गया। राज्य के अन्य जिलों में भी लोक अदालत का आयोजन किये जाने की खबर है।